# रणजीत टाइम्स

इंदौर

गुरुवार, 11 दिसम्बर, 2025

वर्ष 01 | अंक 307 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे


# हर सड़क, हर पुल, हर परियोजना-जनता के जीवन को सरल और सुरक्षित बनाने की हमारी संकल्पना : मुख्यमंत्री

- सीएम डॉ. यादव ने की लोक निर्माण विभाग की समीक्षा
- दो वर्षों में विभाग ने गति, गुणवत्ता, पारदर्शिता और तकनीकी नवाचार के नए आयाम स्थापित किए
- विभागीय न्यूज़ लेटर और पर्यावरण से समन्वय ब्रोशर का विमोचन किया

**भोपाल (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सड़कें केवल यातायात का माध्यम नहीं, बल्कि विकास, रोज़गार, स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच और सामाजिक-सांस्कृतिक प्रगति का आधार हैं। विभाग का उद्देश्य प्रत्येक निर्माण कार्य को सिर्फ एक तकनीकी परियोजना के रूप में नहीं, बल्कि जनता के जीवन स्तर को सुधारने वाले साधन के रूप में देखना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गुणवत्ता, पारदर्शिता और नवाचार के साथ प्रत्येक परियोजना को समयबद्ध तरीके से पूरा करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, यही प्रयास 'लोक निर्माण से लोक कल्याण' की भावना को साकार करते हैं। यह निर्देश मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रालय में लोक निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान दिये।



मुख्यमंत्री डॉ यादव ने विभाग द्वारा 'लोक निर्माण से लोक कल्याण' की भावना को धरातल पर उतारने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश की आधारभूत संरचना का विकास ही जनकल्याण का आधार है और विभाग ने इस दिशा में उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि हर सड़क, हर पुल, हर परियोजना जनता के जीवन को सरल और सुरक्षित बनाने की हमारी संकल्पना का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि मेट्रोपॉलिटन एरिया और समीपवर्ती क्षेत्रों में राजमार्गों का घनत्व बढ़ायें। पूरे प्रदेश को समावेशित कर समग्र विकास पर कार्य करें। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही जबलपुर और ग्वालियर को भी मेट्रोपोलिटन क्षेत्र घोषित किया जाएगा। शहरी, ग्रामीण एवं औद्योगिक क्षेत्रों सभी को अधोसंरचना विकास का लाभ प्राप्त हो इस आधार पर प्रस्ताव की परिकल्पना की जाये। उन्होंने कहा कि राजमार्गों का घनत्व राष्ट्रीय स्तर के समीप ले जाने के लिए विज़न डॉक्यूमेंट के आधार पर प्रस्ताव तैयार करें। प्रस्ताव में स्थानीय मांगों और सुझावों को यथोचित स्थान दिया जाये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अपर मुख्य सचिव क्षेत्रों के समग्र विकास अनुसार कार्ययोजना का निर्धारण करें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि शहरी विकास की इंटीग्रेटेड पॉलिसी के निर्माण में लोक निर्माण विभाग को भी शामिल किया जाये।

## राजस्थान में 1 लाख से ज्यादा नौकरियां देगी सरकार

- राज्यपाल ने कहा- सूखा-भूखा मत समझो, वेदांता ने की इंडस्ट्रियल पार्क की घोषणा

**जयपुर (एजेंसी)।** प्रवासी राजस्थानी दिवस पर राजस्थान में एक लाख करोड़ का निवेश हुआ। जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर में हो रहे कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में वेदांता ग्रुप ने राजस्थान में इंडस्ट्रियल पार्क बनाने की भी घोषणा की।



वहीं, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हम प्रवासी राजस्थानियों से आपसे निवेदन करते हैं कि आप राजस्थान में भी काम करें। यहां 2 साल में सब बदल गया है।

उन्होंने 14 नए राजस्थान चैप्टर की भी घोषणा की। वहीं, कॉमर्स मिनिस्टर पीयूष गोयल ने राजस्थानियों से राजस्थान का ब्रांड एंबेसडर बनने और यहां इंवेस्टमेंट लाने की अपील की।

## एमपी के सागर में ट्रेनी एयरक्राफ्ट क्रैश

### लैंडिंग के समय हवाई पट्टी पर बिगड़ा संतुलन, रनवे से उतरा; पायलट सुरक्षित

**सागर (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के सागर की ढाना हवाई पट्टी पर ट्रेनी एयरक्राफ्ट क्रैश हो गया। लैंडिंग के वक्त अनियंत्रित होने के बाद एयरक्राफ्ट की नोज जमीन से आ टकराई। हवाई पट्टी पर मौजूद कर्मचारी तुरंत दौड़े। पायलट को बाहर निकाला। एम्बुलेंस से अस्पताल भेजा। पायलट खतरे से बाहर है। हादसा बुधवार दोपहर करीब तीन बजे हुआ। चाइम्स एविएशन एकेडमी के इस एयरक्राफ्ट को ट्रेनी पायलट उड़ा रहे थे।



**रनवे से नीचे उतरकर हो गया क्रैश-** चाइम्स एविएशन एकेडमी के कर्मचारियों के मुताबिक, लैंडिंग के वक्त पायलट का एयरक्राफ्ट से नियंत्रण छूट गया। वह एक तरफ झुककर रनवे से नीचे आकर क्रैश हो गया। हादसे के वक्त ढाना हवाई पट्टी से सड़क दुर्घटना में घायल एक जवान को एयरलिफ्ट किया जा रहा था। इसकी वजह से जिला प्रशासन के अधिकतर अधिकारी मौके पर मौजूद थे। एम्बुलेंस भी वहीं खड़ी थी। इससे ट्रेनी पायलट को जिला अस्पताल भिजवाया गया। एविएशन एकेडमी के अधिकारियों ने हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

- **दो दिन पहले सिवनी में क्रैश हुआ था ट्रेनी एयरक्राफ्ट-** इससे पहले 8 नवंबर को सिवनी में एक ट्रेनी विमान 33 केवी हाई वोल्टेज बिजली लाइन से टकराकर क्रैश हो गया था। ट्रेनर पायलट अजित एंथोनी और ट्रेनी पायलट अशोक छाबड़ा घायल हो गए थे। रेड बर्ड एविएशन कंपनी के ट्रेनी विमान ने सुकतरा हवाई पट्टी से उड़ान भरी थी। लैंडिंग के दौरान बादलपार सब स्टेशन की 33 केवी लाइन के निचले हिस्से से विमान का पंख टकरा गया। टक्कर होते ही तेज धमाका हुआ और तारों से चिंगारियां निकलने लगीं। लहराता हुआ विमान खेत में जा गिरा।

## राहुल संसद सत्र के बीच जर्मनी जाएंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की आगामी जर्मनी यात्रा को लेकर राजनीति तेज हो गई है। भाजपा ने बुधवार को संसद के शीतकालीन सत्र के बीच राहुल की विदेश यात्रा को लेकर उनकी आलोचना की है।



भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने कहा- राहुल गांधी ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि 'एलओपी' का मतलब 'लीडर ऑफ पर्यटन' होता है। वे लीडर ऑफ पार्टींइंग (पार्टी करने वाले नेता हैं)। संसद सत्र 19 दिसंबर तक चलेगा, फिर भी राहुल 15 से 20 दिसंबर तक जर्मनी में रहेंगे। वहीं, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने राहुल गांधी का बचाव करते हुए कहा- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने काम का आधा समय विदेश में बिताते हैं। फिर भाजपा की ओर से विपक्ष के नेता की विदेश यात्रा पर सवाल क्यों उठाए जा रहे हैं?

### लोकसभा में चुनाव सुधार पर बोले अमित शाह

## भाजपा के लोग चर्चा से नहीं भागते, विपक्ष एसआईआर पर झूठ फैला रहा

- राहुल का शाह को ओपन डिबेट का चेलैंज
- गृहमंत्री तेज आवाज में बोले तो राहुल का जवाब-आपका रिएक्शन डरा हुआ



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद में बुधवार को लोकसभा में चुनाव सुधार और एसआईआर पर गृह मंत्री अमित शाह ने कहा- हम भाजपा के लोग चर्चा से नहीं भागते। जब विपक्ष ने कहा चुनाव सुधार पर चर्चा चाहते हैं। हम तुरंत माने और आज चर्चा हो रही है। आगे कहा कि एसआईआर के मुद्दे पर विपक्ष लगातार झूठ फैला रहा। देश की जनता को गुमराह करने की कोशिश की जा रही हैं। राहुल ने शाह को ओपन डिबेट का चेलैंज दिया। गृहमंत्री तेज आवाज में बोले तो राहुल बोले आपका रिएक्शन डरा हुआ।

**चले थे हिस्टोरियन बनने, बन गए डिस्टोरियन:** राज्यसभा में वंदे मातरम् पर चर्चा जारी है। कांग्रेस की ओर से जयराम रमेश ने चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि हमने गृह मंत्री और अन्य वक्ताओं को सुना। चले थे हिस्टोरियन बनने, बन गए डिस्टोरियन। उन्होंने कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद, सरदार पटेल इन सभी लोगों पर आप तुष्टिकरण का आरोप लगा रहे हैं।

## थरूर ने वीर सावरकर अवॉर्ड लेने से इनकार किया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने बुधवार को एक्स पर एक पोस्ट में वीर सावरकर अवॉर्ड को लेकर स्पष्टीकरण जारी किया। उन्होंने कहा- मैं ये अवॉर्ड लेने नहीं जा रहा हूं। मुझे इसके बारे में केरल में रहते हुए मीडिया रिपोर्ट्स से ही जानकारी मिली।

कांग्रेस सांसद ने कहा कि आयोजकों ने बिना पूछे मेरा नाम घोषित किया है। ऐसे में दिल्ली में होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने का सवाल ही नहीं उठता। वहीं, अवॉर्ड देने वाले एनजीओ ने थरूर के दावे को गलत बताया। दि हिंगरेज रूरल डेवलपमेंट सोसाइटी इंडिया के संस्थापक अजी कृष्णन ने दावा किया कि वे एक महीने पहले थरूर से उनके घर पर मिले थे। थरूर ने अवॉर्ड स्वीकार करने की सहमति दी थी। दो हफ्ते पहले भी जूरी चेयरमैन रवि कांत ने उनसे मुलाकात की थी।

## सागर में पुलिस वैन-कंटेनर की भिड़ंत, 4 जवानों की मौत

- गाड़ी काटकर शव निकाले, नक्सल ऑपरेशन के लिए गए थे, पुलिस का डॉग सुरक्षित

**सागर (एजेंसी)।** सागर के नेशनल हाईवे-44 पर बांदरी के पास बुधवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां तेज रफ्तार कंटेनर और पुलिस के वाहन में आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में पुलिस वाहन में सवार 4 जवानों की मौत हो गई, जबकि एक जवान गंभीर रूप से घायल है, जिसे एयरलिफ्ट कर दिल्ली के गंगाराम हॉस्पिटल ले जाया गया। वहीं, टीम में शामिल डॉग सुरक्षित है। जानकारी के अनुसार मुरैना जिले का बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉड बालाघाट में ड्यूटी पर तैनात था। पुलिसकर्मी नक्सल विरोधी अभियान में शामिल हुए थे। वहां से वे बीडी-डीएस वाहन में सवार होकर वापस मुरैना लौट रहे थे। इसी दौरान नेशनल हाईवे पर बांदरी के पास झिंझनी घाटी पर सामने से आ रहे कंटेनर से पुलिस वाहन की भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि डॉग मास्टर समेत चार जवानों की जान चली गई।



# एकल अभियान का पांच दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग हुआ सम्पन्न

**महेन्द्र मालवीय**

**रणजीत टाईम्स**




एकल अभियान संभाग मध्य भारत मालवा भाग अंचल खंडवा संच तुकईथड का वार्षिक आचार्य अभ्यास वर्ग समापन हुआ वर्ग में सभी आचार्यों को किस प्रकार समाज हित में कार्य करना चाहिए धर्म हित का कार्य करना सिखाया गया जिसमें संच तुकईथड़ ओर दोइफोडिया के 27 आचार्यों ने प्रशिक्षण लिया,इस समापन सत्र में उपस्थित संभाग से श्रीमान नारायण जी ठाकुर मध्य भारत संभाग प्रशिक्षण प्रमुख उपस्थित रहे मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमान गंगाराम जी मार्को जिला पंचायत अध्यक्ष उपस्थित रहे एवं श्रीमान राजेश जी मालवीय खंड चालक खकनार श्रीमान राहुल जी जाधव भाजापा जिला महामंत्री बुरहानपुर श्रीमान पिंटू किशोर सोनू भावसार संच समिति अध्यक्ष श्रीमान अशोक जी अन्ना समिति व्यवस्था प्रमुख श्रीमान केशव राम पटेल समिति सदस्य श्रीमान युवराज जी सच समिति सदस्य श्रीमान संजय जी चौहान वरिष्ठ भाजापा कार्यकर्ता श्रीमान सुभाष जी झोपे एवं अंचल गतिविधि प्रमुख श्रीमान रोहिदास जी चौहान अंचल व्यास श्रीमान रिताराम जी डुडवे संच प्रमुख नंदकिशोर चौहान कैलाश कलमें सभी आचार्य भैया दीदी उपस्थित रहे एवं समापन सत्र में श्रीमान नारायण जी के द्वारा एकल की परिकल्पना रखी गई एवं गंगाराम जी द्वारा आचार्य को मार्गदर्शन मिला एवं संच समिति द्वारा सभी आचार्यों को आशीर्वचन प्राप्त हुए संच समिति सदस्य द्वारा आभार व्यक्त किया गया समापन सत्र संपन्न हुआ।

# प्रमुख सचिव मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग द्वारा राजस्व विभाग की पाक्षिक वीडियो कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई






**दिलीप पाटीदार**

धार प्रमुख सचिव मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग द्वारा राजस्व विभाग की पाक्षिक वीडियो कॉन्फ्रेंस ली गई।जिसमें राजस्व विभाग से संबंधी बिंदुओं पर समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। जिसमें प्रदेशभर के राजस्व अधिकारी ऑनलाइन माध्यम से जुड़े। जिले से कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, एडीएम संजीव केशव पांडेय व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। वीडियो कॉन्फ्रेंस में प्रमुख सचिव मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग द्वारा विभागीय कार्यों की प्रगति, समस्याओं एवं आगामी रणनीतियों की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। इसी प्रकार फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति, Non Cadastral Survey से संबंधित कार्य, राजस्व वसूली की समीक्षा, राजस्व न्यायालय एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी से जुड़े प्रकरण, सी.एम. मॉनिटरिंग से संबंधित लंबित बिंदु, लंबित ऑडिट कण्डिकाओं का निराकरण इत्यादि बिंदुओं के विस्तार से समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही जिलेवार प्रगति का आकलन कर आगामी कार्ययोजना के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन अभियान के तहत बालिकाओं एवं महिलाओं की सुरक्षा की जानकारी दी



**दिलीप पाटीदार**

धार जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री सुभाष जैन के निर्देशानुसार वन स्टॉप सेंटर धार द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत के लिए 100 दिवसीय विशेष अभियान एवं हब फॉर इम्पावर मेंट ऑफ़ वुमन अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक 16 दिवसीय विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को वन स्टॉप सेंटर धार द्वारा ग्राम जेतपुरा धार के एलएसए कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य, कर्मचारी एवं छात्र, छात्राओं से चर्चा की गई। अभियान में बाल विवाह जैसी कुरीतियों को रोकने के लिए अभियान का हिस्सा बनने, अपने साथ अन्य लोगों को जागरूक करने की ज़िम्मेदारी उठा कर देश के लिए अपना योगदान देने का संकल्प दिलावाया गया। बताया गया कि बाल विवाह समाज के लिए एक अभिशाप है और समाज में हो रहे बाल विवाह से बालक एवं बालिकाओं को होने वाले नुक़सान को रोकने का प्रयास करना अत्यंत आवश्यक हैं। यौन शोषण एवं दुर्व्यवहार को रोकना, पॉक्सो अधिनियम यौन अपराध से बच्चों का निवारण अधिनियम 2012, बालिका शिक्षा, बालिका स्वास्थ्य पोषण को बढावा देना मात् मृत्यु दर में कमी लाना एवं लैंगिक असमानता को दूर करना आदि विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। इसी के साथ ही लिंग आधारित हिंसा समाप्त करने विषय पर बात की गई। हिंसा की रोकथाम हेतु सहायता प्रदान करने वाले स्थान जैसे महिला हिंसा अधिनियम 2005, के अंतर्गत संचालित महिला ऊर्जा हेल्प डेस्क, महिला थाना, जो महिलाओं की सुरक्षा के लिए हिंसा होने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही करते है। देहज़ निषेध अधिनियम के तहत कार्यवाही करते है। विधिक सहायता प्राधिकरण जो कि महिलाओं को कानूनी सहायता प्रदान कर कोर्ट केस लगवाते है जो निशुल्क होते है । किसी भी तरह की हिंसा से पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं हेतु वन स्टॉप सेंटर जो एक ही छत के नीचे पुलिस सहायता, आश्रय सहायता, आपात्कालीन सहायता, परामर्श सहायता, स्वास्थ्य सेवा, क़ानूनी सहायता प्रदान करता है कि जानकारी प्रदान की गई। महिला हेल्पलाइन नंबर 181, 112 पुलिस हेल्पलाइन नंबर साइबर हेल्प लाइन नंबर 1930 आदि की जानकारी प्रदान की गई।

# खेलो इंडिया अभियान एवं फिट इंडिया मूवमेंट की संकल्पना को आगे बढ़ाते हुए सांसद खेल महोत्सव का हुआ आयोजन

महू कोदरिया के निजी विद्यालय में सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत कुश्ती एवं कबड्डी का हुआ आयोजन स्थानीय विधायक एवं पूर्व केबिनेट मंत्री ऊषा ठाकुर एवं भाजपा जिला अध्यक्ष श्रवणसिंह चावड़ा की उपस्थिति में हुआ खेल महोत्सव का आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में खेलो इंडिया अभियान एवं फिट इंडिया मूवमेंट के संकल्प को पूरा करने के उद्देश्य से महू के कोदरिया में निजी स्कूल सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। इस महोत्सव के अंतर्गत कुश्ती एवं कबड्डी प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। उनके साथ ही कुश्ती, कबड्डी एवं अन्य खेलो के कोच तथा पूर्व खिलाड़ी भी बच्चों



का उत्साहवर्धन करने पहुंचे।मुख्य अतिथि के तौर पर स्थानीय विधायक एवं पूर्व केबिनेट मंत्री ऊषा ठाकुर थी उनके साथ भाजपा जिला अध्यक्ष श्रवणसिंह चावड़ा की भी गरिमामय उपस्थिति ने महोत्सव को गरीमा प्रदान की अपने संक्षिप्त एवं सारगर्भित उद्बोधन में ऊषा ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में पूरे भारत में चल रहे सांसद खेल महोत्सव पर प्रकाश डाला वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष श्रवणसिंह चावड़ा ने फिट इंडिया मूवमेंट को आगे बढ़ाने हेतु इसी तरह से आयोजन हेतु आयोजकों को धन्यवाद दिया।खेल महोत्सव के विजेता खिलाड़ियों को प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए खेल महोत्सव में आस पास के क्षेत्रों के सैकड़ों खिलाड़ियों ने शिरकत की सभी अतिथियों का स्वागत महू विधानसभा के सांसद खेल महोत्सव के प्रभारी एवं कोदरिया भाजपा के मंडल अध्यक्ष महेश यादव द्वारा किया गया।

## चायना धागे (मांझा) का पतंगबाजी में उपयोग पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (2) के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी



### चायना धागे से पंतग उड़ाते हुए पाये जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक एवं चालानी कार्यवाही किये जाने हेतु दल का गठन किया गया

दिलीप पाटीदार

धार कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (2) के तहत जारी प्रतिबंधात्मक आदेशानुसार जन-धन, पशु-पक्षियों एवं जनमानस के स्वास्थ्य हित के लिए जिला धार में पंतगबाजी में चायना धागे (मांझा)/नायलोन डोर का विक्रय एवं उपयोग को प्रतिबंधित किया गया है। अनुविभागीय दंडाधिकारी धार द्वारा चायना धागे (मांझा) नायलोन डोर का विक्रय एवं क्षेत्रांतर्गत मैदान, गली, घरों की छतो इत्यादी पर चायना डोर से पंतग उड़ाते हुए पाये जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक एवं चालानी कार्यवाही किये जाने हेतु दल का गठन किया गया हैं। दल क्रमांक 01 एवं 02 हेतु नोडल अधिकारी श्री आशीष राठौर, कार्यपालिक दण्डाधिकारी धार 9907560696, दल क्रमांक 03 एवं 04 हेतु श्री जागर रावत, नायब तहसीलदार धार एवं दल क्रमांक 05 हेतु नोडल अधिकारी सुश्री महिमा मिश्रा, नायब तहसीलदार केसूर रहेगे। उक्त दल उल्लंघन की स्थिति में चालानी कार्यवाही एवं दण्डात्मक कार्यवाही करते हुए की गई कार्यवाही से नोडल अधिकारी एवं अनुविभागीय दंडाधिकारी धार को समय समय पर अवगत कराऐगे।

ड्यूटी पर कार्यरत समस्त कार्यपालिक दण्डाधिकारी सहयोगी अधिकारी/कर्मचारी चायना धागे (मांझा)/नायलोन डोर का विक्रय एवं उपयोग के प्रतिबंध संबंधी अपने क्षेत्र की छोटी से छोटी घटना की जानकारी तथा कानून व्यवस्था की स्थिति में त्वरित माध्यम (यथा मोबाईल, वायरलेस) अनुविभागीय दंडाधिकारी धार को समय-समय पर अवगत कराते रहेंगे तथा सूचना देने के लिये त्वरित माध्यम का उपयोग करेंगे और चलायमान दूरभाष से सतत् सम्पर्क में रहेंगे।

## करैरा में लूट के साथ हत्या का खुलासा! 24 घंटे में दो आरोपी गिरफ्तार, सोने–चांदी का माल बरामद








करैरा पुलिस ने फतेहपुर में बुजुर्ग महिला की लूट के साथ हत्या के सनसनीखेज मामले का पर्दाफाश करते हुए 24 घंटे में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता गुड्डी बाई की हत्या कर बदमाश मंगलसूत्र, कान के टॉप्स, चूड़ी व अन्य सामान लूटकर फरार हो गए थे। एसपी अमन सिंह राठौड़ की मॉनिटरिंग में एसडीओपी, थाना प्रभारी और टीम ने मुखबिरों की मदद से बल्लू उर्फ नंदराम और जयदेव पुरी को दबोच लिया। दोनों ने अपने साथी रामू बघेल के साथ वारदात कबूल की। एक आरोपी रामू अभी फरार है, उसकी तलाश जारी है। पुलिस ने 50 हजार रुपए का सोने–चांदी का मसरूका व वारदात में प्रयुक्त औज़ार भी बरामद कर लिए हैं।

# सिहंस्थ से पहले तैयार होगा एमपी का एक और भव्य 'लोक'

● **रणजीत हनुमान जी का चमत्कारी धाम बनेगा आस्था का नया केंद्र**




इन्दौर। शहर का 150 साल पुराना रणजीत हनुमान मंदिर अब उज्जैन के महाकाल लोक की तर्ज पर विकसित होने जा रहा है। इस परियोजना में 6 करोड़ रुपये से अधिक का खर्च आएगा, जिसमें मंदिर में लगने वाले पत्थरों की लागत भी शामिल है।यह विकास कार्य सिंहस्थ 2028 से पहले पूरा हो जाएगा। इंदौर स्मार्ट सिटी को इस निर्माण और विकास कार्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिसके लिए मंदिर के फंड और दान की राशि का उपयोग किया जाएगा।मंदिर में काम हुआ शुरु मंदिर का विकास कार्य शुरू हो गया है, जिसमें सबसे पहले बाउंड्रीवॉल का निर्माण किया जा रहा है। यह विकास कार्य विभिन्न चरणों में पूरा होगा। मंदिर परिसर में पुलिस चौकी, बेबी फीडिंग रूम, नया जूता स्टैंड और पेय जल की व्यवस्था की जाएगी। बुजुर्गों के लिए भी अन्य सुविधाएं जुटाई जाएंगी। रणजीत लोक की छत पर कशीदाकारी की जाएगी और बाउंड्रीवॉल पर रंगबिरंगी लाइटिंग लगेगी। सुंदरकांड का चित्रण भी किया जाएगा। मंदिर का विस्तार 40 फीट आगे तक होगा और एक नया मुख्य द्वार बनाया जाएगा। शेड भी तैयार किए जाएंगे।

**135 साल से भी पुराना मंदिर** – मंदिर के पुजारी पं. दीपेश व्यास ने बताया कि रणजीत हनुमान मंदिर 135 साल से भी ज्यादा पुराना है। यहां इंदौर ही नहीं, आस-पास के जिलों से भी श्रद्धालु आते हैं। मंगलवार और शनिवार को यहां भक्तों की संख्या हजारों में पहुंच जाती है। मंदिर के पुजारी पं. दीपेश व्यास का कहना है कि सीताजी के हरण के बाद वानर राज सुग्रीव के आदेश पर वानर सेना उनका पता लगाने गई थी। हनुमान जी उनका पता लगाकर लौटे थे। यह खबर जब भगवान राम ने सुनी तो उन्होंने कहा कि हनुमान तुम रण को जीतकर आए हो। लंका को जलाकर आए हो इसलिए आज से मैं तुम्हें रणजीत नाम प्रदान करता हूं। इसके बाद वहां लाखों वानरों ने हनुमान जी को कंधे पर बैठाकर पूरे जंगल में परिभ्रमण कराया था। इसी के प्रतीकात्मक स्वरूप पौष अष्टमी पर यह यात्रा निकलती है।

मंदिर के पुजारी पं. दीपेश व्यास ने कहा रणजीत हनुमान मंदिर 135 साल से भी ज्यादा पुराना है। यहां इंदौर ही नहीं, आस-पास के जिलों से भी श्रद्धालु आते हैं। मंगलवार और शनिवार को यहां भक्तों की संख्या हजारों में पहुंच जाती है। मंदिर प्रशासक एनएस राजपूत ने बताया- रणजीत लोक निर्माण की जिम्मेदारी नोडल एजेंसी इंदौर स्मार्ट सिटी को दी गई है। इसके लिए मंदिर के फंड और दान की राशि का उपयोग किया जाएगा।मंदिर के पुजारी पं. भोलाराम व्यास इस मंदिर के संस्थापक पुजारी थे। उनकी पांचवीं पीढ़ी मंदिर में पूजा-अर्चना कर रही है। पं. व्यास ने कहा- शुरुआत में बाबा रणजीत टीन से बने शेड में विराजमान थे। 1960 में गार्डर-फर्शी से पक्का निर्माण किया गया। 1992 में आरसीसी छत डाली गई।

## निगम ने टैक्स वसूली के लिए बकायेदारों के पास पहुंचकर बजाया ढोल, दिए पीले चावल, लोक अदालत में आने का दिया न्यौता

● **लोक अदालत में संपत्ति कर, जल कर के सरचार्ज में मिलेगी छूट**

इंदौर। इंदौर नगर निगम के द्वारा 13 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत आयोजित की जा रही है। इस दौरान नगर निगम जल कर और संपत्ति



कर जमा करने वालों को सरचार्ज में भी छूट देगा। ऐसे में बकायेदारों को नेशनल लोक अदालत की जानकारी देने और बकाया वसूली को लेकर नगर निगम ने अनोखा प्रयोग किया। नगर निगम की टीम शहर के कई इलाकों में ढोल और पीले चावल लेकर पहुंची। इस दौरान टीम ने बकायेदारों के घर और व्यापारिक प्रतिष्ठान पर पहुंचकर ढोल बजाया और पीले चावल देते हुए बकाया राशि जमा करने और नेशनल लोक अदालत में आने का न्यौता दिया। साथ ही लोक अदालत में सरचार्ज में मिलने वाली छूट की जानकारी भी दी। उम्मीद है कि इस बार नेशनल लोक अदालत के जरिये खाली पड़ा नगर निगम का खजाना भरेगा।

## खातीपुरा में जिला प्रशासन की बड़ी कार्यवाही: गंदगी के बीच तिल एवं गजक बनने पर फैक्ट्री को कराया बंद

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा हाल ही में इंदौर में फूड एंड ड्रग लैब के उद्घाटन अवसर पर मिलावटखोरों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। उन्हीं निर्देशों के अनुपालन में कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में जिला प्रशासन खाद्य औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सुमित गजक और कुल्फी के खातीपुरा स्थित कारखाने पर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा औचक कार्रवाई की गई द्य उक्त कारखाने पर तिल एवं मूंगफली की गजक तैयार की जा रही थी। कारखाने पर अस्वच्छकर स्थितियों में गजक का निर्माण किया जा रहा था। उक्त कारखाने के संचालक सुमित शिवहरे द्वारा कारखाने का फूड लाइसेंस नहीं प्राप्त किया गया था। कारखाने से गुड़, तिल, तिल गजक एवं मूंगफली दाना पट्टी के नमूने जाँच हेतु लिए



गए। साथ ही कारखाने का फूड लाइसेंस न होने के कारण एवं अस्वच्छ परिस्थितियों में निर्माण परिस्थितियों पाए जाने पर निर्माण एवं विक्रय गतिविधि तत्काल प्रभाव से बंद करवाई गई एवं कारखाने को बंद करवाया गया। खातीपुरा स्थित एक अन्य संस्थान गणभोग फूड्स का निरीक्षण भी किया गया। उक्त संस्थान से राजगिरा लड्डू एवं तिल लड्डू के नमूने जाँच हेतु लिए गए। एक अन्य कार्रवाई में फिनिक्स सिटाडेल मॉल स्थित मोती महल डीलक्स रेस्टोरेंट का निरीक्षण कर पनीर, चावल एवं मैदा के नमूने लिए गए। कलेक्टर शिवम वर्मा ने बताया कि नागरिकों को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। लिए गए सभी नमूनों को विस्तृत जाँच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल की ओर भेजा गया जिनकी विश्लेषण रिपोर्ट प्राप्ति उपरांत अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

## कई सड़कों का चौड़ीकरण जारी

● **लेकिन बिजली के खंभे बने बड़ी बाधा**

इंदौर। इंदौर नगर निगम की स्थिति इन दिनों ऐसी हो गई है कि शहर विकास से जुड़े लगभग हर मोर्चे पर उसे किसी न किसी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। ताज़ा परेशानी बिजली वितरण कंपनी की ओर से सामने आई है। बिजली कंपनी ने नगर निगम को यह कहकर बड़ा झटका दिया है कि सड़क चौड़ीकरण के दौरान हटाए जाने वाले बिजली के खंभों से निकलने वाला पुराना सामान (स्क्रैप) अब नगर निगम का नहीं, बल्कि बिजली कंपनी का अधिकार होगा। नगर निगम जब भी किसी सड़क का चौड़ीकरण या नवनिर्माण करता है तो उसे अनेक स्तरों पर संघर्ष करना पड़ता है। सड़क किनारे बने निर्माण हटवाने का विवाद, सड़क के नीचे बिछी जनसुविधाओं–जैसे पानी की पाइप लाइन, सीवर लाइन, दूरसंचार लाइन–को दूसरी तरफ स्थानांतरित करवाना और साथ ही बिजली के खंभों को नई जगह खड़ा करवाना। अब तक प्रचलन यही था कि नगर निगम नए खंभे लगवाता था, पुराने खंभे हटवाता था और बिजली की लाइन को बदलवाने का काम बिजली कंपनी करती थी। इस कार्य में नगर निगम कुल लागत का 15 प्रतिशत ÷निरीक्षण शुल्क÷ बिजली कंपनी को चुकाता था और व्यवस्था सही प्रकार से चल रही थी। लेकिन अब बिजली कंपनी के मुख्यालय से जारी नए आदेश ने पूरी स्थिति को उलझा दिया है। आदेश में यह स्पष्ट किया गया है कि सड़क पर लगे बिजली के खंभे बिजली कंपनी की संपत्ति हैं। अतः यदि सड़क चौड़ीकरण में इन्हें हटाया जाता है तो हटाए गए खंभों का पुराना सामान (स्क्रैप) बिजली कंपनी का होगा। इसलिए नगर निगम को अनिवार्य रूप से पुराने खंभे बिजली कंपनी को ही सौंपना होंगे। और यदि खंभे नहीं सौंपे जाते तो नगर निगम को बिजली कंपनी द्वारा किए गए मूल्यांकन के अनुसार स्क्रैप की कीमत भरनी होगी। नगर निगम इस समय नगर एवं ग्राम निवेश विभाग की मास्टर योजना के अनुसार शहर की 25 प्रमुख सड़कों के निर्माण की तैयारी कर रहा है। ऐसे में बिजली कंपनी का यह नया आदेश इन परियोजनाओं के लिए बड़ी चुनौती बन गया है।

**अब ठेकेदार ही बिजली कंपनी को भुगतान करेगा** – नगर निगम की सड़कों को बनाने वाली निर्माण एजेंसी (ठेकेदार कंपनी) को ही नए बिजली के खंभे लगाने होते हैं। पहले नगर निगम ठेकेदार को मिलने वाली राशि में से पुराने खंभों के स्क्रैप मूल्य की कटौती कर लेता था। लेकिन अब नियम बदल गए हैं। निगम ने निर्णय लिया है कि स्क्रैप की कीमत सीधे ठेकेदार की देय राशि से काटकर बिजली कंपनी को दे दी जाएगी। पहले मूल्यांकन नगर निगम करता था और कई बार यह मूल्यांकन ठेकेदार कंपनियों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से कम भी कर दिया जाता था। लेकिन अब मूल्यांकन बिजली कंपनी द्वारा किया जाएगा, जिससे कीमत में अंतर आना तय है। इसी विषय पर निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव ने सिटी बस कार्यालय में बैठक बुलाई। इसमें मास्टर योजना की 23 सड़कों के निर्माण का ठेका लेने वाली एजेंसियों के प्रतिनिधियों को बुलाकर नियमों में हुए बदलावों से अवगत कराया गया। निगम के दबाव में ठेकेदार अंततः इस बात पर सहमत हो गए कि स्क्रैप का मूल्य उनके बिल से काटकर बिजली कंपनी को दिया जाएगा। इस प्रकार यह बड़ी समस्या हल हो सकी।

**निगम ही उठाता है नए खंभों का पूरा खर्च** – नगर निगम जहां भी नए बिजली खंभे लगवाता है या नए सिरे से लाइन डलवाता है, उस पर होने वाला पूरा व्यय नगर निगम ही वहन करता है। इसलिए निगम का मानना है कि जिन पुराने खंभों को हटाकर सड़क बनाई जाती है, उन पर भी निगम का ही अधिकार होना चाहिए। लेकिन बिजली कंपनी के नए आदेश ने इस व्यवस्था को बदल दिया है और अब पुराने खंभों पर निगम का अधिकार खत्म हो गया है।

## इंदौर के खातीपुरा में जिला प्रशासन की बड़ी कार्यवाही : गंदगी के बीच तिल एवं गजक बनते पाए जाने पर फैक्ट्री में खाद्य कारोबार कराया गया बंद

इंदौर । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा हाल ही में इंदौर में फूड एंड ड्रग लैब के उद्घाटन अवसर पर मिलावटखोरों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। उन्हीं निर्देशों के अनुपालन में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में जिला प्रशासन, खाद्य औषधि प्रशासन विभाग की टीम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सुमित गजक और कुल्फी के खातीपुरा स्थित कारखाने पर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा औचक कार्रवाई की गई। उक्त कारखाने पर तिल एवं मूंगफली की गजक तैयार की जा रही थी। कारखाने पर अस्वच्छकर स्थितियों में गजक का निर्माण किया जा रहा था। उक्त कारखाने के संचालक सुमित शिवहरे द्वारा कारखाने का फ़ूड लाइसेंस नहीं प्राप्त किया गया था। उक्त कारखाने से गुड, तिल, तिल गजक एवं मूंगफली दाना पट्टी के नमूने जाँच हेतु लिए गए। साथ ही कारखाने का फूल लाइसेंस न होने के कारण एवं अस्वच्छ परिस्थितियों में निर्माण परिस्थितियां पाए जाने पर निर्माण एवं विक्रय गतिविधि तत्काल प्रभाव से बंद करवाई गई तथा कारखाने को बंद करवाया गया। खातीपुरा स्थित एक अन्य संस्थान गणभोग फूड्स का निरीक्षण किया गया। उक्त संस्थान से राजगीरा लड्डू एवं तिल लड्डू के नमूने जाँच हेतु लिए गए। एक अन्य कार्रवाई में फिनिक्स सिटाडेल मॉल स्थित मोती महल डीलक्स रेस्टोरेंट का निरीक्षण कर पनीर, चावल एवं मैदा के नमूने लिए गए हैं। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने बताया कि नागरिकों को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। लिए गए सभी नमूनों को विस्तृत जाँच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल की ओर भेजा जा रहा है, जिनकी विश्लेषण रिपोर्ट प्राप्ति उपरांत अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

रणजीत टाइम्स
इंदौर, गुरुवार 11 दिसम्बर 2025



# ज्वेलरी डिजाइन के क्षेत्र में बनाये करियर



ज्वेलरी डिजाइन कोर्स सिर्फ अंगूठी या नेकलेस का डिजाइन बनाने से कहीं ज्यादा है। इसमें ज्वेलरी के सांस्कृतिक महत्व को समझने के साथ, फंक्शन, मटेरियल, फॉर्म और मार्केट की मांग को ध्यान में रखना शामिल है। ज्वेलरी डिजाइन में कलात्मक अभिव्यक्ति का विशेष स्थान होता है। लेकिन इसके साथ तकनीकी ज्ञान होना भी बहुत जरूरी होता है। इन कोर्स में छात्रों को धातु-रत्नों से लेकर कंप्यूटर आधारित डिजाइन तकनीकों के बारे में शिक्षा दी जाती है। इसमें 3डी मॉडलिंग, जेमोलॉजी और बहुमूल्य धातुओं की केमेस्ट्री भी सिखाई जाती है। यह कोर्स छात्रों को तकनीकी ज्ञान और रचनात्मकता के बीच संतुलन बनाना सिखाता है। इसके जरिए छात्र खुद को मार्केट के हिसाब से तैयार करते हैं। बता दें कि ज्वेलरी डिजाइनर सिर्फ आभूषण के डिजाइन पर ही नहीं बल्कि फैशन के रुझान और उपभोक्ता के व्यवहार की समझ होनी जरूरी है। इस कोर्स में वैश्विक बाजार, फैशन ट्रेंड्स और खरीददार की मानसिकता जैसी चीजों पर ध्यान दिया जाता है। इससे स्टूडेंट्स ऐसे आभूषण डिजाइन कर सकते हैं, जो दिखने में सुंदर और आकर्षक होने के साथ ही उपभोक्ता और बाजार के रुझानों में भी फिट हों। स्टूडेंट्स आभूषण स्टाइलिस्ट, जेमोलॉजिस्ट, आभूषण डिजाइनर, मर्चेंडाइजर और उद्यमी के तौर पर अपने कॅरियर को नई दिशा दे सकते हैं। स्टूडेंट्स डिजिटल मार्केटिंग और ई कॉमर्स के बढ़ते क्षेत्र के माध्यम से ज्वेलरी डिजाइनर ई-सेलर के तौर पर वैश्विक स्तर पर अपनी पहुंच बना सकते हैं। इसके जरिए छात्र न सिर्फ विदेश बल्कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए अपने उत्पादों को बेच सकते हैं।



# बच्चा बोर्ड एग्जाम देने वाला है, तो एक बार जरूर बता दें ये बातें, पेरेंटिंग कोच ने दी सलाह!

**बोर्ड परीक्षा को आसान बनाने के लिए बच्चों को कुछ जरूरी बातें समय रहते समझा देनी चाहिए। इससे ना सिर्फ बच्चे का मन शांत होता है, बल्कि अपनी तैयारी पर भरोसा रखते हुए परीक्षा में बेहतर परफॉर्म भी कर पाता है।**

बोर्ड एग्जाम नजदीक आ रहे हैं। ऐसे में जो बच्चे इस बार एग्जाम में बैठने वाले हैं, उन पर पढ़ाई और अच्छे नंबर को लेकर दवाब बढ़ना स्वाभाविक है। कई बार यह प्रेशर इतना ज्यादा हो जाता है कि बच्चा अपने ही आत्मविश्वास पर भी शक करने लगता है। पेरेंटिंग कोच पुष्पा शर्मा कहती हैं कि ऐसे समय में पेरेंट्स की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है, क्योंकि उनके सही मोटिवेशन और मार्गदर्शन से ना सिर्फ बच्चे का स्ट्रेस लेवल कम होता है, बल्कि उसका आत्मविश्वास भी बढ़ता है। उनका मानना है कि बोर्ड परीक्षा को आसान बनाने के लिए बच्चों को कुछ जरूरी बातें समय रहते समझा देनी चाहिए। इससे ना सिर्फ बच्चे का मन शांत होता है, बल्कि अपनी तैयारी पर भरोसा रखते हुए वो परीक्षा में बेहतर परफॉर्म भी कर पाता है। चलिए जानते हैं-

## समझाएं कंसिस्टेंसी और फोकस का महत्व

पेरेंटिंग कोच बताती हैं कि सफलता का सबसे सरल रास्ता है नियमित अभ्यास और लक्ष्य पर फोकस। बच्चे को यह समझाना जरूरी है कि रोज थोड़ा-थोड़ा पढ़ने से याद भी अच्छा रहता है और दिमाग पर दबाव भी नहीं पड़ता। जब बच्चा सही दिशा में लगातार मेहनत करता है, तो उसका आत्मविश्वास भी मजबूत होता है और वह परीक्षा का सामना बिना घबराहट के कर पाता है।

### कम समय में भी अच्छा सीखना संभव है

कोच पुष्पा शर्मा का कहना है कि सफल होने के लिए देर तक पढ़ना जरूरी नहीं है। बल्कि जरूरी यह है कि बच्चा जिस समय पढ़े, पूरे मन से पढ़े। कम समय में भी ध्यान लगाकर पढ़ा जाए तो चीजें जल्दी समझ में आती हैं, और और जो कुछ भी पढ़ा जाता है, वह लंबे समय तक दिमाग में याद भी रहता है। कम समय में ध्यान लगाकर पढ़ने से बच्चे को थकान भी कम होती है और पढ़ाई का प्रेशर भी कम होता है।

## आत्मविश्वास बनाए रखना है बहुत जरूरी

हर मोड़ पर बच्चे का आत्मविश्वास बना रहना सबसे ज़रूरी है। परीक्षा नजदीक आते ही कई बच्चे घबरा जाते हैं और अपनी तैयारी पर शक करने लगते हैं। ऐसे में पेरेंट्स का भरोसा और उनके पॉजिटिव वर्ड्स, बच्चों का आत्मविश्वास बनाए रखने में मदद करते हैं। और जब बच्चों में भरपूर आत्मविश्वास होता है तो वो परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करते हैं।

## फिजिकल और मेंटल हेल्थ का ध्यान

पेरेंटिंग कोच का कहना है कि अच्छी सेहत के बिना कोई भी बच्चा अपना बेस्ट नहीं दे सकता। परीक्षा के दिनों में नींद पूरी होना, पौष्टिक खाना, हल्का व्यायाम और थोड़ा आराम बहुत जरूरी है। जब शरीर और मन दोनों ठीक हों, तब बच्चा तेजी से समझ पाता है और पढ़ी हुई चीजें अच्छी तरह याद रहती हैं। एक बैलेंस रूटीन से बच्चे के सीखने की कैपेसिटी भी बढ़ती है।

## डाउट तुरंत पूछने की आदत डालें

पुष्पा शर्मा बताती हैं कि बच्चे अक्सर अपने सवालों को मन में दबाकर रखते हैं, जिससे बाद में समस्या बढ़ जाती है। ऐसे में वो पैरेंट्स को सलाह देती हैं कि बच्चों को खुलकर पूछने के लिए मोटिवेट करें। जितना जल्दी बच्चा अपना डाउट क्लियर करेगा, उतना आसान उसकी आगे की तैयारी होगी। यह आदत उसे पढ़ाई में तेज और आत्मविश्वासी बनाती है।

## परिणाम की चिंता छोड़कर तैयारी पर भरोसा

कोच कहती हैं कि रिजल्ट की चिंता करने से बच्चा पढ़ाई पर ध्यान नहीं दे पाता। पेरेंट्स को यह बात बच्चों में भरोसे के साथ समझनी चाहिए कि उन्होंने जो पढ़ा है, वह काफी है। जब बच्चा परिणाम की जगह अपनी मेहनत पर भरोसा करना सीखता है, तो उसका प्रदर्शन नेचुरली बेहतर हो जाता है।

## प्रेशर कम होने पर ही पढ़ाई में मन लगता है

पढ़ाई तभी सही तरीके से होती है जब बच्चा मानसिक दबाव में ना हो। पैरेंट्स को चाहिए कि घर का माहौल हल्का रखें और बच्चों को यह महसूस कराएं कि आपका प्यार और भरोसा उनके साथ है। जब बच्चा बिना डर और तनाव के बैठता है, तो उसकी याद रखने की क्षमता बढ़ती है और पढ़ाई आसान लगने लगती है।

# अभिषेक शर्मा-शुभमन गिल ओपनर, संजू सैमसन बाहर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और साउथ अफ्रीका के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज का दूसरा मुकाबला अब 11 दिसंबर गुरुवार को न्यू चंडीगढ़ स्थित मुल्लांपुर में खेला जाएगा। पहले मैच में भारतीय टीम ने शुरू में लड़खड़ाने के बाद 101 रन से शानदार जीत दर्ज कर ली। सीरीज में टीम इंडिया 1-0 की बढ़त बना चुकी है। ऐसे में दूसरे मुकाबले में प्लेइंग 11 में कुछ खास बदलाव नजर नहीं आ रहे हैं।

पहले टी20 में भारतीय टीम की पारी शुरु में बिखरती दिख रही थी। 11.4 ओवर में 78 रन पर चार विकेट थे। स्कोर भी धीमा था और विकेट भी ज्यादा थे। उसके बाद हार्दिक पंड्या की 28 गेंद पर 59 रन की पारी ने मैच की तस्वीर बदल दी। भारत ने 176 रन का अफ्रीका को लक्ष्य दिया और मेहमान टीम 74 रन पर ही ढेर हो गई।



अब जितेश शर्मा के बेहतर फिनिशर के तौर पर उभरने के बाद बतौर विकेटकीपर भी सैमसन की जगह प्लेइंग 11 में नहीं बन पा रही है। दूसरे टी20 में भी कप्तान सूर्यकुमार यादव अपने विनिंग कॉम्बिनेशन को शायद छेड़ना नहीं चाहेंगे। यानी इस मैच में भी संजू सैमसन का खेलना मुश्किल लग रहा है। वहीं ओपनिंग एक बार फिर से अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल करते हुए नजर आएंगे। बाकी नंबर 3, 4, 5,6 में खास बदलाव संभव नहीं लग रहे हैं। ऐसे में टीम इंडिया न्यू चंडीगढ़ में बिना किसी बदलाव के उतर सकती है।

### संजू सैमसन रहेंगे बाहर?

हालांकि जीत के बावजूद पहले टी20 मैच में शुभमन गिल एक बार फिर से फ्लाप रहे थे और सवाल यही उठ रहा था कि बार-बार उनके कारण संजू सैमसन को क्यों बलि का बकरा बनाया जा रहा है। क्योंकि, संजू सैमसन का बतौर ओपनर टी20 इंटरनेशनल में बेहतरीन रिकॉर्ड रहा है।

## इन्दौर ट्रैफिक पुलिस हुई सख्त

# 24 घंटे में 918 चालान काटे, ऑटो, ई-रिक्शा, बस समेत 118 वाहनों पर भी हुई कार्रवाई

**इन्दौर।** इंदौर में ट्रैफिक पुलिस लगातार हेलमेट अनिवार्यता को लेकर जागरूकता अभियान चला रही है। इसके तहत कई बार बड़े पैमाने पर कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें लोगों को नियम समझाए गए, चालान जारी किए गए और हेलमेट भी वितरित किए गए बावजूद इसके, अब भी बड़ी संख्या में दोपहिया चालक बिना हेलमेट सड़कों पर नजर आ रहे हैं।पिछले 24 घंटों में ट्रैफिक पुलिस ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चलाकर बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वाले 918 चालकों पर चालानी कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार, यह सख्ती सड़क दुर्घटनाओं में सिर पर लगने वाली गंभीर चोटों और उनसे होने वाली मौतों को रोकने के उद्देश्य से की जा रही है। 118 वाहनों पर हुई कार्रवाई सुबह से देर रात तक शहर के प्रमुख चौराहों, बाजारों और व्यस्त मार्गों पर विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान नो-पार्किंग ज़ोन में वाहन खड़े कर यातायात में बाधा पैदा करने वाले 118 वाहनों पर भी कार्रवाई की गई, जिनमें ऑटो, ई-रिक्शा, कारें और बसें शामिल थीं।इसके साथ ही वन-वे में गलत दिशा में वाहन चलाने ओवरलोडिंग और अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 36 ऑटो व ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ चालान जारी किए गए। वहीं नो-एंट्री क्षेत्र में भारी वाहन लेकर प्रवेश करने वाले पाँच चालकों से कुल 25 हज़ार रुपये का जुर्माना वसूला गया।ट्रैफिक पुलिस ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे केवल चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि अपनी तथा परिवार की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हेलमेट पहनें और यातायात नियमों का पालन करें।

# चैंपियंस लीग : बार्सिलोना और एटलेटिको मैड्रिड ने अपने मैच जीते



**बार्सिलोना, एजेंसी।** बार्सिलोना ने जूल्स कोंडे के हेडर से लगाए दो गोल की मदद से आइंट्राच्ट फ्रैंकफर्ट को 2-1 से हराकर चैंपियंस लीग में अहम जीत हासिल की। जीत के साथ बार्सिलोना 36 टीमों के लीग फेज में 13वें नंबर पर आ गया है। शीर्ष 8 में जगह बनाने के लिए बार्सिलोना को दो और मैचों में जीत हासिल करनी होगी। एटलेटिको मैड्रिड ने एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए पीएसवी के खिलाफ 3-2 से जीत हासिल की। गुस टिल ने 10वें मिनट में मैच का पहला गोल किया।

अलेक्जेंडर सोरलोथ ने 37वें मिनट में जूलियन अल्वारेज को बराबरी का गोल करने का मौका दिया। इससे पहले डेविड हैंको ने 52वें मिनट में मातेज कोवर के नाहुएल मोलिना के लॉन्ग-रेंज शॉट को बाहर धकेलने के बाद रिबाउंड पर गोल किया, और सोरलोथ ने चार मिनट बाद तीसरा गोल किया। रिकार्डो पेपी ने 85वें मिनट में दूर के पोस्ट पर गोल किया और आखिरी मिनटों में अरमांडो ओबिस्पो ने पास से एक सुनहरा मौका गंवा दिया।

## राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप:

# 31 दिसंबर से हो रहा आगाज, पुरुष और महिला मुक्केबाज ठोकेंगे ताल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में पहली बार शीर्ष पुरुष और महिला मुक्केबाजों के लिए राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप का आयोजन एक साथ होने जा रहा है। दोनों वर्गों के लिए 'राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप' का आयोजन ग्रेटर नोएडा की गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी में 31 दिसंबर, 2025 से 6 जनवरी, 2026 तक होगा। सर्विसेज डिफेंडिंग की एंट्री पुरुष राष्ट्रीय चैंपियन के तौर पर कर रही है, जबकि रेलवे का लक्ष्य महिला टीम चैंपियनशिप का टाइटल बनाए रखना है।

आधिकारिक ड्रा 30 दिसंबर को होगा। इसके बाद भारत के अगले हाई-परफॉर्मेंस साइकिल की शुरुआत होगी। बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया ने एक रिलीज में कहा, 'देश भर की इकाइयां पुरुषों और महिलाओं के लिए दस-दस वेट वर्ग में मुकाबला करेंगी, जो विश्व मुक्केबाजी तकनीक और प्रतियोगिता के नियमों का पूरी तरह से पालन करेगी।

हर इकाई को हर वर्ग में एक मुक्केबाज उतारने की इजाजत है। कोई रिजर्व नहीं रखा जा सकता। सभी मैच अंतरराष्ट्रीय फॉर्मेट के हिसाब से होंगे, जिसमें तीन-तीन मिनट के तीन राउंड होंगे। एक मिनट का रेस्ट पीरियड और 10-अंक का जरूरी स्कोरिंग सिस्टम होगा। बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष अजय सिंह ने इस मौके पर कहा, 'मजबूत सिस्टम लंबे समय की सफलता की रीढ़ होते हैं, और नेशनल चैंपियनशिप वह जगह है जहां यह सिस्टम असल में शुरू होता है। यह स्टेज मौके बनाता है, प्रतिभा को सामने लाता है, और हर मुक्केबाज को राष्ट्रीय कैंप में जाने का सही रास्ता देता है।

उन्होंने कहा कि विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल्स में हमें हाल में मिली सफलता ने साबित कर दिया कि यह कितना पावरफुल हो सकता है। जैसे-जैसे हम आगे की चुनौतियों की तैयारी कर रहे हैं, ये चैंपियनशिप उन एथलीट्स को पहचानने और तैयार करने में बहुत जरूरी होंगी। इससे हमारी पदक की उम्मीदें बढ़ेंगी।

# शोध पत्रिकाओं का लोकार्पण



**इंदौर।** देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर की भाषा अध्ययनशाला में अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं अक्षरवार्ता और कृष्ण बसन्ती के विशेषांक का लोकार्पण हुआ। विगत एक दशक से प्रकाशित इन अन्तरानुशासनिक पत्रिकाओं का लोकार्पण सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन के कुलानुशासक एवं विभागाध्यक्ष प्रो. शैलेंद्र कुमार शर्मा, अंतरराष्ट्रीय कवि प्रोफेसर राजीव शर्मा, प्रो. प्रीति सिंह, वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. पद्मासिंह ने किया। इन पत्रिकाओं का सम्पादन समालोचक प्रो. शैलेंद्र कुमार शर्मा और साहित्यकार डॉ मोहन बैरागी द्वारा किया जाता है। इस अवसर पर डॉ वंदना चराटे महू सहित अनेक शिक्षक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ रूपाली सारये ने किया।

# आनंद, कस्तूरी के समान हृदय में होता है यह बाह्य में प्राप्त नहीं हो सकता : श्री माताजी

आपने कस्तूरीमृग की कहानी सुनी होगी । कस्तूरीमृग की नाभि में कस्तूरी होती है, जिसकी सुगंध बड़ी ही मनमोहक होती है ।उस मनभावन सुगंध की चाह में मृग पूरे जंगल की दौड़ लगाता है, थक जाता है परंतु उसे उस सुगंध का पता नहीं चलता। हम और आप सभी उसी कस्तूरीमृग



की भांति हैं, जो अपनी सुगंध, अपने जीवन का आनंद संपत्ति, पद, प्रतिष्ठा, घर-कारोबार में ढूंढते हैं । ये सारी चीजें पाने की चाह में सारा जीवन निकल जाता है,परंतु आनंद नहीं मिलता। परमपूज्य श्री माताजी श्री निर्मलादेवी कहते हैं कि, आपकी कस्तूरी तो आपके हृदय में छुपी होती है । और सहजयोग में आत्मसाक्षात्कार प्राप्त करने के बाद इस कस्तूरी का साक्षात् संभव हो जाता है। परंतु ये आप तभी प्राप्त कर सकते हैं जब आप पर श्री गणेश प्रसन्न होते हैं, क्यों कि श्री गणेश पृथ्वीतत्व के स्वामी हैं और उन्हें पाने के लिए आपको ध्यान करना होगा। पर ध्यान कैसे करें?

श्री माताजी कहते हैं, पहले अपने को प्रेम से भर लो । आप जानते हैं मैं आपकी माँ हूं और माँ होने का मतलब है संपूर्ण संरक्षण। कोई भी चीज गड़बड़ नहीं होनेवाली । आप मेरी ओर हाथ करिये । धीरे-धीरे आँख बंद करके अपने विचारों की ओर देखिये, आप निर्विचार हो जायेंगे । श्री माताजी कहते हैं, पहले अपने को इतना बता दो कि आज से किसी को कोई सी भी चोट मैं नहीं पहुंचाऊंगा और उन सब को प्रभु आप क्षमा कर दो, जिन्होंने मुझे चोट पहुंचाई हो । और मुझे भी क्षमा करो क्योंकि मैने दुनिया में बहुत लोगो को जाने अनजाने में चोट दी है । आप जो कहेंगे वही परमात्मा आपके साथ करेगा । आप उससे कहोगे कि ' प्रभु शान्ति दो, तो वो तुम्हे शान्ति देगा । आप अगर उन्हे मांगते हो की , प्रभु मुझे संतोष दो, मेरे अंदर सुंदर चरित्र दो, तो वो तुम्हें ये सारी शक्तियाँ देंगे ।आत्मसाक्षात्कार प्राप्त करने के बाद आपका उस चैतन्य शक्ति से मिलन हो गया । अब आपकी प्रार्थना अर्थपूर्ण हो जाती है, आप अपने-आपसे खुश रहने लगते हैं, आप अपने आप में प्रसन्नता का, संतोष का,समाधान का अनुभव करने लगते हैं । दैनिक जीवन में कभी आप असंतुलित भी होते हैं तो आत्मपरीक्षण से जान जाते हैं कि, मैंने कहाँ गलती की तथा आप उसे सुधारने का पूर्ण प्रयास करते हैं । ध्यान से प्राप्त आनंद को आप बाँटना चाहते हैं । आप अपनी क्षमता को पूर्णतः विकसित करने के लिए प्रयासरत हो जाते हैं । अतः चिर आनंद की कस्तूरी रूपी सुगंध को पाने हेतु सहजयोग अपनाएं। सहजयोग पूर्णतया निशुल्क है सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 अथवा यूट्यूब चैनल लर्निंग सहजयोगा से प्राप्त कर सकते हैं।

# मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री चौधरी ने शिक्षा से संबंधित विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक ली



दिलीप पाटीदार

धार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अभिषेक चौधरी की अध्यक्षता में मंगलवार को जनजातीय कार्य विभाग, शिक्षा विभाग, सर्व शिक्षा अभियान एवं डाइट विभाग की संयुक्त रूप से विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा बैठक में श्री चौधरी ने नये बच्चों के प्रवेश एवं ड्रापआउट बच्चों के प्रवेश पर विशेष जोर देने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री चौधरी द्वारा जिला अंतर्गत ड्रापआउट बच्चों के प्रवेश, ऑनलाईन स्पाट प्रवेश, 3 से 6 वर्ष के बच्चों का आंगनवाडी में प्रवेश, शिक्षकों की हमारा शिक्षक एप एवं ई.एच. आर.एम.एस. पोर्टल पर ई-अटेन्डेन्स, जिला अंतर्गत संचालित छात्रावास/आश्रमों में परख एप के माध्यम से निरीक्षण, समेकित छात्रवृत्ति योजना की समीक्षा करते हुए सतत् संबंधित विभागीय अधिकारियों को सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये। उन्होंने एमपीटॉस पोर्टल पर प्रदाय की जाने वाली छात्रवृत्ति एवं छात्र/छात्राओं का प्रोफाईल पंजीयन शत् प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिये।

श्री चौधरी द्वारा बोर्ड परीक्षा को दृष्टिगत रखते हुये दिसम्बर तक पाठ्यक्रम पूर्ण कराने एवं रेमेडियल क्लासेस अनिवार्यतः संचालित करने के निर्देश दिये। उन्होंने शाला त्यागी बालिकाओं को चिन्हित कर उनकी सूची महिला एवं बाल विकास विभाग को उपलब्ध कराये जाने हेतु जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र को निर्देशित किया, ताकि बालिकाओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण से जोडा जा सके। बैठक में सीएम हेल्पलाइन अंतर्गत लंबित प्रकरणों को शत प्रतिशत निराकृत किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में सहायक आयुक्त, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक, प्राचार्य डाइट, समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, समस्त खण्ड स्त्रोत समन्वयक एवं विशिष्ट संस्थाओं के प्राचार्य उपस्थित रहे।

जन्मदिन की अग्रिम शुभ सूचना

"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!

बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो

2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।

भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278

रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!
अपने जज़्बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"

रणजीत टाइम्स

दैनिक रणजीत टाइम्स

जिला एवं तहसील स्तर पर एजेंसी देना है

अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।
सम्पर्क करें

8224951278 :: 9827068888

# अनिका के परिवार से मुलाकात के दौरान एडवोकेट यादव ने बताया कि अब तक 2 करोड़ 15 लाख रुपए की दान राशि एकत्रित हो चुकी है

इंदौर। नंदा नगर क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी व अधिवक्ता विनोद बब्बू यादव, जो नगर निगम चुनाव में कांग्रेस से सभापति पद के प्रत्याशी रह चुके हैं, हाल ही में अनिका शर्मा के उपचार हेतु चल रहे सहयोग अभियान में सक्रिय रूप से शामिल हुए। अनिका के परिवार से मुलाकात के दौरान एडवोकेट यादव ने बताया कि अब तक 2 करोड़ 15 लाख रुपए की दान राशि एकत्रित हो चुकी है। उन्होंने कहा कि यह राशि समाज की एकजुटता और संवेदनशीलता का प्रतीक है।

एडवोकेट यादव ने देश के सभी राज्यों के लोगों से आगे आकर सहयोग करने की अपील करते हुए कहा"अनिका हमारी बेटी जैसी है। उसका जीवन बचाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। समाज के हर व्यक्ति से निवेदन है कि इस नेक कार्य में अपनी क्षमता अनुसार योगदान करें।"



# शानदार होगा डीटीसी का नया हेडक्वॉर्टर

## 207 करोड़ में बनेगा, सुविधाएं बनाएंगी खास

**नई दिल्ली, एजेंसी।** डीटीसी (दिल्ली परिवहन निगम) को आईपी डिपो में एक नया मुख्यालय मिलने वाला है। दिल्ली सरकार ने राजधानी की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से एक आधुनिक 12-मंजिला प्रशासनिक परिसर के निर्माण के लिए डीएसआईआईडीसी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।




यह 207 करोड़ का नया हेडक्वॉर्टर पुराने हो चुके डीटीसी कार्यालय की जगह लेगा, जिसे अब गिरा दिया जाएगा। इस परियोजना में लगभग 200 बसों और 200 से अधिक कारों के लिए पार्किंग, और साथ ही हरा-भरा क्षेत्र भी शामिल है। परिवहन मंत्री पंकज कुमार सिंह ने कहा कि नया कार्यालय दिल्ली के तेजी से विस्तार हो रहे परिवहन नेटवर्क को समर्थन देने के लिए आवश्यक संस्थागत क्षमता प्रदान करेगा। प्रस्तावित भवन 26,016 वर्ग मीटर के परिसर में बनाया जाएगा। वर्तमान कार्यालय डीटीसी की परिचालन जरूरतों के लिए पर्याप्त नहीं है। नए परिसर में जमीन का लगभग 20% हिस्सा पर्यावरण-अनुकूल खुले क्षेत्रों के लिए रखा जाएगा। परिवहन मंत्री ने कहा, हम सौर पैनल, एसटीपी, ईटीपी , वर्षा जल संचयन, आरओ प्लांट और अन्य टिकाऊ सुविधाओं से लैस एक आधुनिक मुख्यालय के साथ आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी अतिरिक्त सुविधाओं में से एक पार्किंग क्षमता होगी, जो शहर के सबसे व्यस्त डिपो में से एक पर बेड़े की आवाजाही को सुव्यवस्थित करेगी। डीएसआईआईडीसी डीटीसी की ओर से इस परियोजना को पूरा करेगा और 30 वर्षों के लिए 50% वाणिज्यिक उपयोग के अधिकार अपने पास रखेगा। परिवहन मंत्री सिंह ने कहा कि सरकार ने इस परियोजना को ढाई साल में पूरा करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने आगे कहा, जैसे-जैसे हम दिल्ली के परिवहन क्षेत्र का विस्तार कर रहे हैं, अधिक इलेक्ट्रिक बसें ला रहे हैं और डिपो के बुनियादी ढांचे में सुधार कर रहे हैं, यह महत्वपूर्ण है कि हमारी प्रशासनिक प्रणालियां भी उसी गति से चलें। यह मुख्यालय सार्वजनिक परिवहन में एक मजबूत और अधिक जवाबदेह शासन की दिशा में एक कदम है। अधिकारियों ने बताया कि इस परियोजना से अंततः रोजाना यात्रा करने वाले लाखों यात्रियों को लाभ होगा, क्योंकि पीछे के परिचालन में सुधार होगा, जिससे निर्णय लेने की प्रक्रिया तेज होगी और अतिरिक्त इलेक्ट्रिक बसों को उतारने में मदद मिलेगी। एक अधिकारी ने कहा, इस परिसर से परिचालन में होने वाली देरी कम होने और रखरखाव की दक्षता बढ़ने की उम्मीद है। आईपी डिपो का यह पुनर्विकास दिल्ली की दीर्घकालिक गतिशीलता की योजना में एक मील का पत्थर माना जा रहा है।

# 8 महीने में 101 मर्डर

## कातिल क्यों बनते जा रहे दिल्ली के छोटे बदमाश?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हत्या, मर्डर, चोरी-छिनैती जैसे मामलों को पढ़कर आपके जहन में अपराधी कोई बड़ी उम्र का ही आता होगा, लेकिन देश की राजधानी दिल्ली में नाबालिग अब नए अपराधी बन रहे हैं। दिल्ली पुलिस के आंकड़ों पर गौर करें तो बीते 8 महीने में नाबालिगों ने कुल 101 खून किए हैं। पढ़ाई और करियर बनाने की उम्र में अपराध का रास्ता अख्तियार कर चुके इन नाबालिगों के मनसूबे वाकई हैरान कर रहे हैं।

पिछले सप्ताह 13 नाबालिगों पर चार जघन्य अपराध करने का आरोप लगा था जिसमें रोहिणी के एक सरकारी स्कूल में एक लड़के के साथ यौन उत्पीड़न, शाकरपुर और वजीराबाद में दो हत्याएं और हजरत निजामुद्दीन के पास एक टैक्सी चालक की हत्या शामिल है

अधिकारी ने यह भी कहा कि नाबालिग नशीली दवाओं के प्रभाव में चोरी और सेंधमारी में भाग लेते हैं। उन्होंने बताया कि नाबालिगों का इस्तेमाल करने वाले गिरोह उन्हें नशीले पदार्थों का लालच देते हैं और फिर उनका उपयोग अपराधों को अंजाम देने के लिए करते हैं।

अधिकारी ने कहा कि गिरोह विशेष रूप से उन युवाओं को निशाना बनाते हैं जो मोटरसाइकिल चलाते हैं, सक्रिय होते हैं, परेशान परिवारों से आते हैं या आर्थिक तंगी का सामना करते हैं। अधिकारी ने बताया, गिरोह को पता है कि पकड़े जाने पर ये नाबालिग, वयस्कों की तुलना में जल्दी छूट जाएंगे। सोशल मीडिया की बढ़ती लत भी अपनी भूमिका निभा रही है, जिसमें कुछ नाबालिग पिस्तौल और चाकू लहराते हुए अपनी तस्वीरें और वीडियो पोस्ट करके अपने इलाकों में दबदबा बनाने की कोशिश करते हैं।

सर गंगा राम अस्पताल के वरिष्ठ सलाहकार मनोचिकित्सक डॉ. राजीव मेहता के अनुसार, संयुक्त परिवार प्रणाली के कम होने ने ऐसे बच्चों के व्यक्तित्व को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा, पहले, बच्चे संयुक्त परिवारों में बड़े होते थे जहां वे अपने चचेरे भाइयों के साथ बाहर खेलते थे, एक साथ नई चीजें सीखते थे और मजबूत, सामूहिक परवरिश से लाभान्वित होते थे।

डॉ. मेहता ने कहा, बच्चों के रास्ता भटकने की गुंजाइश कम थी। समय के साथ, यह संरचना कम हो गई। आज, बच्चों को अक्सर लाड़-प्यार दिया जाता है और उनकी मांगें तुरंत पूरी कर दी जाती हैं। और जब ऐसा नहीं होता, तो कुछ बच्चे अपराध की ओर मुड़ सकते हैं। मेहता ने कहा कि सोशल मीडिया यौन रूप से स्पष्ट सामग्री से भरा हुआ है। उन्होंने कहा कि किशोरावस्था के दौरान, हार्मोन युवाओं को विपरीत लिंग की ओर आकर्षित करते हैं। ऑनलाइन सामग्री इस धारणा को बढ़ाती है कि हर कोई और हर चीज़ आसानी से सुलभ और अनुमत है। एक अन्य व्यवहार विशेषज्ञ ने बताया कि साथियों का दबाव भी एक बड़ा कारक है। विशेषज्ञ ने कहा कि दोस्त अक्सर अपने यौन अनुभवों के बारे में बढ़ा-चढ़ाकर बताते हैं, जिससे नाबालिगों को यह गलतफहमी हो सकती है कि ये अनुभव कोई उपलब्धि है। इन बच्चों में से कई में अपने कार्यों के परिणामों या कानूनी असर को समझने की परिपक्वता की कमी होती है।

# गोवा नाइट क्लब के मालिकों ने खटखटाया कोर्ट का दरवाजा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** गोवा नाइट क्लब अग्निकांड ने पूरे देश को हिला कर रख दिया। इस क्लब के मालिक गौरव लूथरा और सौरभ लूथरा हादसे के बाद विदेश भाग गए। इंटरपोल ने दोनों के खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी कर दिया। इसके बाद अब दोनों ने इस मामले में अग्रिम जमानत के लिए दिल्ली की रोहिणी कोर्ट में याचिका दायर की है। वहीं दिल्ली से इस क्लब के मालिकों का तीसरा पार्टनर भी गिरफ्तार हुआ है। गोवा के नाइट क्लब में लगी आग में 25 लोगों की जिंदगी चली गई थी। अब इस मामले में पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई तेज हो गई है और एक के बाद एक आरोपी दबोचे जा रहे हैं। बुधवार को गोवा पुलिस की टीम ने दिल्ली के सनलाइट कॉलोनी क्राइम ब्रांच दफ्तर में बिर्च बाय रोमियो लेन नाइटक्लब के चार मालिकों में से एक अजय गुप्ता को पेश किया। अजय गुप्ता दिल्ली का ही रहने वाला है और पुलिस उसे पूछताछ के बाद आज ही कोर्ट में पेश करेगी। हादसे के बाद अजय गुप्ता फरार हो गए थे। उनके खिलाफ पहले से ही लुकआउट सर्कुलर जारी था। जब गोवा पुलिस की टीम उनके दिल्ली वाले घर पहुंची तो वह वहां नहीं मिले। इसके बाद कोर्ट ने उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी कर दिया। आखिरकार पुलिस ने उन्हें दबोच ही लिया। क्लब के मुख्य मालिक गौरव लुथरा और सौरभ लुथरा तो हादसे के महज दो दिन बाद ही थाईलैंड भाग निकले थे। अब उनके खिलाफ इंटरपोल ने ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी कर दिया है। मतलब दुनिया भर की पुलिस अब इन दोनों की तलाश में है।

# नमो भारत के रूट में रुकावट बनी पाइपलाइन

## दूसरी जगह की जाएगी शिफ्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के सराय रोहिल्ला से गुरुग्राम होते हुए बावल तक प्रस्तावित नमो भारत ट्रेन के संचालन के लिए करीब सवा किलोमीटर लंबी पाइप लाइन स्थानांतरित करनी होगी। गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) ने इस पाइप लाइन से जुड़ी जानकारी को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) को सौंप दी है।



जीएमडीए की तरफ से तैयार रिपोर्ट के मुताबिक करीब 870 मीटर लंबी सीवर की लाइन नमो भारत ट्रेन के निर्माण के रास्ते में आ रही है। ऐसे में इसका स्थानांतरण आवश्यक है। 1400 एमएम क्षमता की 270 मीटर पाइप लाइन दिल्ली-जयपुर हाईवे पर नेस्ले बिल्डिंग के समीप आ रही है, जोकि करीब छह से सात मीटर गहरी है। 1800 एमएम क्षमता की पाइप लाइन, जिसकी लंबाई करीब 600 मीटर है। यह झाड़सा चौक से राजीव चौक के बीच में है। यह सात मीटर से नौ मीटर गहराई पर दबी हुई है। शोधित पानी की पाइप लाइन करीब 1085 मीटर है।

इफ्को चौक पर स्टेशन के निर्माण के लिए करीब 200 मीटर पाइप लाइन को स्थानांतरित करना होगा, जोकि 600 एमएम की है। इस तरह इफ्को चौक स्टेशन के प्रवेश और निकासी की जगह पर 700 एमएम क्षमता की 200 मीटर लंबी पेयजल लाइन है। राजीव चौक पर 300 मीटर लंबी पाइप लाइन के स्थानांतरण की जरूरत पड़ेगी, जिसकी क्षमता करीब 1500 एमएम है। इन स्थानों पर पाइप के स्थानांतरण की सबसे अधिक जरूरत है। ये पाइप लाइन सीधे-सीधे नमो भारत ट्रेन के रूट में बाधा बनकर खड़ी हुई हैं।

एनसीआरटीसी ने दिल्ली के सराय रोहिल्ला से लेकर गुरुग्राम होते हुए बावल तक दिल्ली-जयपुर हाईवे के साथ-साथ नमो भारत ट्रेन के संचालन की योजना है। इसके तहत दिल्ली में सराय रोहिल्ला, आईएनए, मुनिरका, एयरो सिटी के बाद गुरुग्राम में साइबर सिटी, इफ्को चौक, राजीव चौक, हीरो होंडा चौक, खेड़की दौला, मानेसर, पचगांव, बिलासपुर, रेवाड़ी में धारूहेड़ा, रेवाड़ी और बावल में स्टेशन का निर्माण होगा। इफ्को चौक पर गुरुग्राम से फरीदाबाद होते हुए ग्रेटर नोएडा तक प्रस्तावित नमो भारत ट्रेन का इंटरचेंज स्टेशन बनेगा।

## समाज के हर वर्ग, हर व्यक्ति के अधिकारों की रक्षा सभी की साझा जिम्मेदारी : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

इंदौर । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 'विश्व मानवाधिकार दिवस' पर समाज में मानवता, समानता और न्याय के लिए सामूहिक संकल्प लेने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग और हर व्यक्ति के अधिकारों की रक्षा करना हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मानवाधिकार दिवस पर हमें सह-अस्तित्व की भावना को सुदृढ़ करते हुए एक-दूसरे के सम्मान, शांति और अधिकारों को अक्षुण्ण रखने का संकल्प लेना चाहिए।

## 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता 11 दिसंबर से

इंदौर में तीन दिवसीय 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता 2025 का आयोजन 11 दिसंबर से 13 दिसंबर 2025 तक किया जाएगा। 69वें राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता की संगठन सचिव एवं जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. शांता स्वामी भार्गव ने बताया कि यह प्रतियोगिता स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में स्क्वैश अंडर-19 बालक-बालिकाओं की स्पर्धा होगी। इस राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह 11 दिसंबर को दोपहर 1 बजे से एबी रोड़ बायपास स्थित बाल्याखेड़ा होटल शेरेटन के पास एमराल्ड हाइट्स वर्ल्ड स्कूल में होगा।

## राज्यपाल श्री पटेल आज इंदौर में

इंदौर । राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल 11 दिसम्बर को सुबह 11 बजे देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट इंदौर आएंगे। इंदौर में वे विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल सुबह 11.30 बजे ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर पहुँचेंगे। वे यहाँ ग्रैंड हॉल में आयोजित "न्यूरोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इंडिया के 73वे वार्षिक सम्मेलन एनएसआईकॉन 2025" कार्यक्रम में शामिल होंगे। राज्यपाल श्री पटेल दोपहर 3 बजे उज्जैन रोड पर स्थित श्री वैष्णव इंजीनियरिंग कॉलेज के पास श्री मुरारीलाल तिवारी गौशाला का भ्रमण करेंगे। वे शाम 4 बजे देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट इंदौर से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।